उत्तराखण्ड शासन,
ग्राम्य विकास विभाग,
संख्या : /8–2/4/एम०जी०एन०आर०ई०जी०एस०/2014–15
देहरादून, दिनांक : 4 दिसम्बर, 2014

कार्यालय ज्ञाप

दिनांक 17 नवम्बर 2014 को अपर मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत शिकायतों के निवारण हेतु लोकपालों का जनपदवार चयन करने हेतु चयन समिति की बैठक आहूत की गयी। प्रदेश के समस्त जनपदों (पिथौरागढ़ को छोड़कर) से लोकपालों के पैनल हेतु नामों को नियमानुसार चयन कर शासन को प्रस्तावित कराने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में जनपदों द्वारा आवेदकों के नाम शासन को उपलब्ध कराये गये हैं। आवेदकों के चयन पर विभिन्न जनपदों बाबत लोकपालों के चयन हेतु चयन समिति द्वारा विचारोपरान्त निम्न आवेदकों का चयन किया गया–

क्र०सं०	जनपद	चयनित आवेदक
1	चमोली	श्री शेखर सिंह रावत
2	नैनीताल	श्री आर०पी० पन्त
3	पौड़ी गढ़वाल	श्री राजेन्द्र प्रसाद कुकसाल
4	रुद्रप्रयाग	श्री श्रीधर प्रसाद चमोली
5	टिहरी गढ़वाल	श्री पदम सिंह नेगी
6	उत्तरकाशी	श्री डी०एस० बागड़ी

उपरोक्त चयनित आवेदकों की सूची को विभागीय एवं NIC की वेबसाइट पर डाला जाय। इस सम्बन्ध में यदि किसी जनसामान्य को आपत्ति/टिप्पणी देनी हो तो एक माह के भीतर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन को अपने पूर्ण विवरण के साथ उचित साक्ष्यों सहित लिखित रूप में भेजी जा सकती है जिसका चयन समिति द्वारा अगले एक माह के भीतर निराकरण किया जायेगा।

(विनोद फ़ोनिया)
सचिव

संख्याः 507/8–2/4/एम०जी०एन०आर०ई०जी०एस०/2014–15 तद्‌दिनांकितः

प्रतिलिपि :
1. अधिशासी निदेशक, राज्य महात्मा गांधी नरेगा प्रकोष्ठ, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड को इस अनुरोध के साथ कि उक्त पत्र को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. निदेशक, राज्य सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस अनुरोध के साथ कि उक्त पत्र को NIC की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. आयुक्त, ग्राम्य विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, पौड़ी को सूचनार्थ।
4. जिलाधिकारी, चमोली, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ।

(विनोद फ़ोनिया)